SHRI YASHWANT SINHA: Where is that record? ...(*Interruptions*)...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: It is on record ...(*Interruptions*)...

SHRI YASHWANT SINHA: No ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

आयकर कर्मचारी महासंघ (वर्ग-ग), नई दिल्ली द्वारा आन्दोलन किया जाना

*22. **श्री मुनव्वर हसन:** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आयकर कर्मचारी महासंघ (वर्ग-ग), नई दिल्ली मंडल ने अपनी मांगों के समर्थन में 3 नवम्बर, 1998 को मयूर भवन स्थित अपने कार्यालय पर धरना व प्रदर्शन किया था;

(ख) यदि हां, तो उनकी मांगों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा अब तक उन पर क्या कार्यवाही की गई है?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा वित्त मंत्रालय (बैंकिंग, राजस्व तथा बीमा) में राज्य मंत्री (श्री कादम्बूर एम०आर० जनार्दनन): (क) आयकर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क विभाग के "ख", "ग" और "घ" समूह के स्थानीय कार्यालय पदाधिकारियों द्वारा 3.11.98 को मयूर भवन पर भोजनावकाश के दौरान 1.30 बजे दोपहर को एक गेट मीटिंग बुलाई गई थी।

(ख) कर्मचारी मुख्यतः 5वें वेतन आयोग द्वारा "ख", "ग" और "घ" कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों के लिए सिफारिश किए गए वेतनमानों के स्थान पर एवजी उच्च वेतनमानों की मांग कर रहे हैं।

(ग) सरकार द्वारा मेरिट के आधार पर मांगों पर विचार किया जा रहा है।

Illegal drawal of power by West Bengal

*25. SHRI DIPANKAR MUKHERJEE:
SHRI NILOTPAL BASU:

Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item captioned "West Bengal steals power alleges NTPC" which appeared in Ananda Bazar Patrika dated the 14th October, 1998;

(b) whether CMD, NTPC had alleged illegal drawal of 80 to 100 MW power by West Bengal from Eastern Zone Grid, as reported;

(c) whether this allegation has been investigated by CEA;

(d) if not, the reasons therefor;

(e) whether any action would be taken if the allegation is found wrong; and

(f) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF POWER (SHRI R. KUMARAMANGALAM): (a) Yes, Sir.

(b) The CMD, NTPC has clarified that he did not make any such allegation.

(c) to (f) Do not arise.

स्थायी खाता संख्या दिया जाना

*26. **श्री कपिल सिब्बल:**
श्री बरजिन्दर सिंह:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 31 अक्तूबर, 1998 तक स्थायी खाता संख्या प्राप्त करने के लिये 1.4 करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है;

(ख) यदि नहीं, तो इन आवेदनों की वास्तविक संख्या क्या है और क्या आवेदकों को स्थायी खाता संख्या देने के लिये कोई समय सीमा निर्धारित की गयी है;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में क्या तिथि निर्धारित की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) स्थायी खाता संख्या विलम्ब से दिए जाने से होने वाली असुविधा को दूर करने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं?